(c) what is the total loss suffered so far by the Vayudoot; what was its loss during the last year and what is expected in the next financial year and what are the plans for revamping it; and

(d) what is the profit and loss position of Air India at present?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) Yes, Sir.

(b) The estimated losses of Indian Airlines during 1990-91 and 1991-92 are Rs. 82.95 crores and Rs. 64.80 crores respectively. Indian Airlines has no accumulated losses prior to 1990-91.

(c) Vayudoot has incurred a cumulative loss of Rs. 128 crores (approximately) upto the year 1990-91. During the year 1990-91, it suffered a loss of Rs. 36.49 crores (approx.). It is incurring an estimated loss of nearly Rs. 2.7 crores per month during the current financial year. Various alternatives are being considered by the Government for the future set up of Vayudoot.

(d) Air India has earned a net profit of Rs. 81.23 crores (provisional estimates) during the year 1990-91.

लद्दाख में पर्यटन

1043. **डा. रत्नाकर पाण्डेय :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जम्मू और कश्मीर राज्य के लद्दाख क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन योजनाओं में वित्तीय संस्थाओं द्वारा कितनी धनराशी लगाई गयी है;

(ख) उस पर प्रति वर्ष राज्य सरकार को ब्याज के रूप में कितनी धनराशि का भुगतान करना पड़ता है ; और

(ग) लद्दाख में पर्यटन की गति को बनाये रखने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) और (ख) 1987-1991 की अवधि के दौरान, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने राज्य स्तर के संस्थानों/बैंकों को परिवहन एवं होटल उद्योग संबंधी 115 स्कीमों के लिए उनके ऋणों के संबंध 1 325 85 लाख रुपये का पुन : वित्त-पोषण सहायता स्वीकृत की है । पुन: वित्त-पोषण सहायता की इस स्वीकृत राशि से 215.92 लाख रुपये की राशि वास्तव में संवितरित की गई है । राज्य सरकार इन ऋणो पर ब्याज का भुगतान करने के लिए बाध्य नहीं है ।

(ग) उठाए गए कदमों में लद्दाख में क्षेत्र में पर्यटन आधारित संरचना को सुदृढ़ बनाना और भारत तथा विदेशों में संवर्धन एवं प्रचार शामिल है ।

मध्य प्रदेश में गैस एजेंसियों और पेट्रोल पम्पों का आबंटन

1044. **श्री अजीत जोगी :**
श्री राधाकिशन मालवीय :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदश मे पिछले दो वर्षों में कितने व्यक्तियों को गैस एजेंसियो और पेट्रोल पंप आबंटित किए गए है ;

(ख) उनमें से अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियो और अल्पसंख्यक समुदायों के व्यक्तियों की संख्या कितनी है ; और

(ग) चालू वर्ष के दौरान आबंटित की जाने वाली एल.पी.जी. एजेंसियों और पेट्रोल पम्पों की संख्या कितनी है और उनमे से अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अल्पसंख्यक समुदायों